भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †148
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**स्वदेश दर्शन 2.0**

**†148. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) संशोधित स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत प्रारंभ से अब तक राज्यवार तथा वर्षवार कौन-कौन से स्थलों की पहचान की गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत पूर्ण की गई तथा चल रही परियोजनाओं का राज्यवार तथा वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजनाओं के पूर्ण होने के लिए आवश्यक समय-सीमा क्या है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत आज की तारीख तक चिह्नित स्थलों के लिए राज्यवार तथा वर्षवार कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी तथा उपयोग की गई है; और

(ङ) क्या सरकार को चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जांच करने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से मासिक प्रगति रिपोर्ट प्राप्त हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): यद्यपि, पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' योजना के माध्यम से योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप धन की उपलब्धता आदि को देखते हुए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचनाओं के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है और देश में 58 स्थलों की पहचान की है और 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत कई परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को समय-समय पर परियोजना प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है। पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करता है।

********

**अनुबंध**

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †148 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चिह्नित गंतव्यों की सूची और परियोजनाओं का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | चयनित/चिह्नित गंतव्य |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गंडिकोटा, अरक्कु-लम्बासिंगी |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो, मेचुका |
| 3. | असम | जोरहाट, कोकराझार (मानस) |
| 4. | बिहार | गया, नालंदा |
| **5.** | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर, जगदलपुर |
| 6. | गोवा | पोरवोरिम, कोलवा |
| 7. | गुजरात | धोलावीरा, द्वारका |
| 8. | हरियाणा | पंचकुला (मोरनी) |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | पोंग बांध |
| 10. | जम्मू एवं कश्मीर | बशोली |
| 11. | झारखंड | चांडिल |
| 12. | कर्नाटक | हम्पी, मैसूरु |
| 13. | केरल | कुमारकोम, कोझिकोड (बेपोर) |
| 14. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर, चित्रकूट |
| 15. | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग, अजंता-एलोरा, पुणे |
| 16. | मणिपुर | मोइरांग (बिष्णुपुर) |
| 17. | मेघालय | शिलांग, सोहरा |
| 18. | मिजोरम | आइजोल, चम्फाई |
| 19. | नागालैंड | न्यूलैंड, चुमुकेदिमा |
| 20. | ओडिशा | कोरापुट, डिब्रिगढ़ |
| 21. | पंजाब | अमृतसर, कपूरथला |
| 22. | राजस्थान | बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर |
| 23. | सिक्किम | गंगटोक, ग्यालशिंग |
| 24. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम, नीलगिरी |
| 25. | तेलंगाना | भोंगिर, अनंतगिरि |
| 26. | त्रिपुरा | अगरतला, उनाकोटि |
| 27. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज, नैमिषारण्य |
| 28. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़, चम्पावत |
| 29. | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 30. | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप |
| 31. | पुदुचेरी | पुदुचेरी, कराईकल |
| 32. | लद्दाख | लेह, कारगिल |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **स्वीकृति वर्ष** | **कार्यान्वयन एजेंसी के लिए निर्धारित निकासी की सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 | 2.98 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 | 1.40 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 | 1.84 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 | 1.27 |
| 5 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 | - |
| 6 | असम | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 | - |
| 7 | गोवा | पोरवोरिम | पोरवोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 | - |
| 8 | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 | - |
| 9 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 | 2023-24 | - |
| 10 | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 | 2023-24 | 0.27 |
| 11 | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.47 | 2023-24 | 1.84 |
| 12 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 | - |
| 13 | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 | - |
| 14 | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 | - |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 | 1.67 |
| 16 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2023-24 | 2.72 |
| 17 | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 2024-25 | 7.62 |
| 18 | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 | 3.24 |
| 20 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 | - |
| 21 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 | - |
| 22 | पुदुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 | - |
| 23 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 | - |
| 24 | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 | 2.59 |
| 25 | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 | - |
| 26 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 | - |
| 27 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 | - |
| 28 | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 | - |
| 29 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 | - |
| 30 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 | 3.80 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 | - |
| 32 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 | - |
| 33 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 | - |
| 34 | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 | - |
| **कुल राशि** | | | | **791.25** | | |

एसडी 2.0 से संबंधित परियोजनाओं के संबंध में अभी तक कोई उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

*******